बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–02/2022, के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु सामान्य ज्ञान विषय की लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–31.05.2022 (मंगलवार) को 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक पटना जिला मुख्यालय में आयोजित की जायेगी।

यह मानते हुए कि सभी उम्मीदवारों द्वारा विज्ञापन में उल्लिखित न्यूनत्तम शैक्षणिक योग्यता/अनुभव धारण करने के आधार पर ऑनलाईन आवेदन भरा गया है, एवं अर्हित है, के आलोक में लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih. nic. in** पर उपलब्ध रहेगा, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। **किसी उम्मीदवार को डाक/ईमेल से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा।**

अधिक उम्र के आधार पर अनर्हित तथा एक उम्मीदवार का एक से अधिक ऑनलाईन आवेदन भरे जाने के कारण अभ्यर्थित्व रद्द करने की सूची आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर प्रदर्शित है। किसी उम्मीदवार को अपनी अनर्हता पर आपत्ति हो तो दिनांक–22.05. 2022 की संध्या 05.00 बजे तक या उसके पूर्व संगत साक्ष्य के साथ अपना अभ्यावेदन आयोग के ईमेल **bpscpat-bih@nic.in** पर भेज सकते है। दिनांक–22.05.2022 के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

किसी भी स्तर पर जाँच में न्यूनत्तम शैक्षणिक योग्यता/अनुभव धारित करते हुए नहीं पाये जाने की स्थिति में किसी भी उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकृत करने/ उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आयोग/ शिक्षा विभाग को सुरक्षित है।

16.5.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।